# नकली कीटनाशक दवाएं रोकने के लिए कृषि विभाग ने बनाई छह टीमें

Publish Date:Fri, 09 Aug 2019 06:33 PM (IST)



नकली कीटनाशक दवा के प्रवेश को रोकने के लिए विभाग के आदेश पर छह टीमें गठित की गई है।

संसू, मानसा : जिले में नकली कीटनाशक दवा के प्रवेश को रोकने के लिए विभाग के आदेश पर छह टीमें गठित की गई है। जो जिले में कहीं भी चेकिग कर नकली दवा बेचने वाले लोगों के खिलाफ कारवाई करेंगी। उक्त शब्दों का प्रगटावा जिला खेतीबाड़ी अफसर डॉ. गुरमेल सिंह चहल ने किया। उन्होंने कहा कि तंदुरुस्त पंजाब के लिए सेहतमंद फसल पैदा होना जरुरी है। यह तब ही हो सकेगा जब मिट्टी की उपजाऊ शक्ति बरकरार रहेगी। उन्होंने कहा कि इसके लिए नकली दवा पर रोकथाम लगाना जरुरी है। दूसरे प्रदेश से आकर यहां नकली दवा की ब्रिकी करने वाले लोगों पर विशेष तौर पर नजर रखी जा रही है। जिसके लिए गठित टीमों द्वारा पुलिस का सहयोग लिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि किसानों को नकली दवा के प्रयोग से बचाने के लिए कैंप लगाकर जागरूक किया जा रहा है। ताकि प्रदेश के वातावरण को शुद्ध व साफ सुथरा रखा जा सके।

Posted By: **Jagran**

Source: https://www.jagran.com/punjab/mansa-department-of-agriculture-constitutes-teams-to-stop-fake-pesticides-19476936.html